हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 281 देहरादून, सोमवार, 06 मई 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16




पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष बने रवि बिजारनिया 6


# धामों के कपाट खुलने पर, हेलीकाप्टर से की जाएगी पुष्प वर्षा : मुख्यमंत्री धामी

## मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट, 6 ,मई मुख्यमंत्री पुष्कर धामी नई दिल्ली के दौरे पर हैं , रविवार को उत्तराखण्ड सदन नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम के 300 सेवादारों की टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया,उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा का एक बहुत बड़ा उत्सव पूरे उत्तराखण्ड, देशवासियों, भक्तगणों, श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों के लिये होता है और इस अवसर पर हम सब लोग अपने-अपने तरीके से इस पुण्य में सम्मिलित होते हैं तथा इस पुण्य में भण्डारे के आयोजन की अपनी अलग ही भूमिका है, जिसके लिये उन्होंने इस आयोजन में शामिल टीम लीडर हिमांशु चमोली सहित महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड के लोगों को हार्दिक बधाई व शुभकामना दी।,





सीएम ने बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम की शुभकामनायें देते हुये कहा कि आने वाली 10 मई से हमारी चारधाम यात्रा की शुरआत होने वाली है, जो कि हमारे उत्तराखंड के लिये उत्सव का वातावरण तैयार करती है और साथ ही हम सब चारधाम यात्रा जल्दी से जल्दी प्रारम्भ हो इस बात का इन्तजार बड़ी बेसब्री से करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, इस बार भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी चारधाम यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिये सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं जैसे , पेयजल, परिवहन, विद्युत, स्वास्थ्य,आपदा प्रबन्धन, पुलिस,यातायात, लोक निर्माण आदि विभागों की समीक्षा की है तथा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चारधाम यात्रा की सभी तैयारियां आगामी 10 मई तक हर हाल में पूरी हों, जिससे यहां आये श्रद्धालु अच्छा सन्देश लेकर जायें। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा हमारे लिये चुनौती भी है, क्योंकि प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। इस बार भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि जिस दिन धामों के कपाट खुलेंगे, उस दिन हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी। उत्तराखण्ड सरकार चारधाम यात्रा की मेजबान है और हमारा दायित्व बनता है कि पिछली बार की चारधाम यात्रा के अनुभवों से सीख लेकर इस यात्रा को और अधिक सुविधा जनक बनाएं उन्होंने कहा कि यह यात्रा किसी व्यक्ति की न होकर पूरे देश की यात्रा है.

मुख्यमंत्री ने जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए ,अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की उन्होंने कहा कि वनाग्नि हमारे लिये एक चुनौती हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे सभी आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुये एक ऐसा मैकेनिज्म बनायें ताकि जल्दी से जल्दी इस वनाग्नि पर हम सब लोग काबू पा सकें। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से भी वनों को बचाने के लिये सहयोग देने की अपील की है सीएम ने कहा कि वन सम्पदा हमारी धरोहर है, इसको हमें हर हाल में बचाना है और सभी को वनों को बचाने में अपना योगदान देना होगा।

# उत्तराखंड में वनों की आग बुझाने फील्ड में उतरे अधिकारी, सीएम धामी के सख्त निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,6, मई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को वन विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने और आग पर नियंत्रण पाने के लिए निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आग पर जल्द से जल्द काबू पाने के लिए सभी जिले के जिला अधिकारियों का भी सहयोग लिया जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान नई दिल्ली के उत्तराखंड सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वनाग्नि पर काबू पाने के लिए अधिकारियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जंगलों की आग बुझाने के लिए वन विभाग के अफसर को भी फील्ड में उतरना होगा जंगल की आग पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जंगल की आग हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है जिसको अफसर ऑफिस में बैठकर काबू नहीं कर सकते हैं उन्हें ऑफिस से निकलकर फील्ड में





उतरना होगा जिसमें सभी की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यालय में तैनात अधिकारियों को भी वन प्रभाग आवंटित किए जाएं,

सीएम ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को निर्देश दिए कि वन विभाग के सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी आग पर काबू पाने के लिए तय की जाए और इसके साथ ही जिले के जिला अधिकारियों का भी पूरा सहयोग दिया जाए उन्होंने कहा कि जो फायर वॉचर्स फील्ड में काम कर रहे हैं उनकी सुरक्षा के लिए बीमा इत्यादि की सुविधा के बारे में भी विचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएफओ और उनसे ऊपर के अफसर मौके पर जाकर आग के नियंत्रण पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री को मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि एक हफ्ते के अंदर उनके निर्देशों के सकारात्मक परिणाम नजर आएंगे। प्रमुख वन संरक्षक डॉक्टर धनंजय मोहन ने कहा कि वनाग्नि के मामलों में अब तक 350 केस दर्ज किया जा चुके हैं जिसमें 60 नामजद मुकदमे दर्ज किए गए हैं ,और जहां कहीं से भी घटना की सूचना मिल रही है वहां पर तुरंत टीमें भेज कर 6 घंटे में आग पर काबू पाया जा रहा है। मुख्य सचिव रतूड़ी ने वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री को बताया कि पिरुल को लेकर एनटीपीसी के साथ करार किया जा चुका है और एनटीपीसी ने वनों की पिरुल लेना भी आरंभ कर दिया है।

# उत्तराखंड : 5 जिलों में जमकर बरसेंगे बादल, आंधी बारिश का यलो अलर्ट जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 06 मई : बीते कुछ दिनों से प्रदेश के मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन मैदानी इलाकों में भी गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में मौसम सूखा और शुष्क हो गया है, जिससे तापमान में वृद्धि हो रही है। अधिकांश क्षेत्रों में तापमान सामान्य से एक-दो डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है,

जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक नीचे है। पहाड़ों में आंशिक बादल छाए हुए हैं और वर्षा के आसार बने हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश में मौसम में बदलाव की संभावना है। पर्वतीय क्षेत्रों में बादलों की छाया और हल्की बौछारें देखने को मिलेगी। हालांकि निचले इलाकों में गरज-चमक के साथ बौछारें और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है।

देहरादून मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जैसे पर्वतीय जिलों में झोंकेदार हवाओं के चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं इन क्षेत्रों में बारिश के आसार भी हैं। इन जनपदों के कुछ क्षेत्र में 30 से 40 किलोमीटर की तेजी से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है, प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम की बेरुखी के कारण जंगलों में आग लगातार बढ़ रही है। वनाग्नि की 64 घटनाएं रिपोर्ट की गई हैं, इनमें गढ़वाल में 30, कुमाऊं में 29 और वन्यजीव क्षेत्र में पांच घटनाएं शामिल हैं। 24 घंटों में 74.67 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया है। जंगलों में लगी आग के कारण धुआं फैल रहा है। इसके चलते उत्तरकाशी, श्रीनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में धुआं फैलने से लोगों को परेशानी हो रही है। हवा के साथ जंगलों की राख भी लोगों के घरों तक पहुंच रही है जिसके कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं।देहरादून का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंतनगर का अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस था। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 24.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस रहा।



# Chardham Yatra 2024 : यात्रियों के लिए बसों की नई किराया सूची जारी, जानिए कितनी हुई वृद्धि

ऋषिकेश से प्रति यात्री का किराया

| धाम | 3×2 | 2×2 (28 सीटर साधारण) | 2×2 (27 सीटर पुश |
|---|---|---|---|
| एक धाम | 1,640 | 1,880 | 2,500 |
| दो धाम | 2,420 | 2,740 | 3,670 |
| तीन धाम | 3,390 | 3,770 | 5,150 |
| चारधाम | 4,150 | 4,620 | 6,300 |

ऋषिकेश से प्रति यात्री का किराया

| धाम | 3×2 | 2×2 (28 सीटर साधारण) | 2×2 (27 सीटर पुश बैक) |
|---|---|---|---|
| एक धाम | 1,640 | 1,880 | 2,500 |
| दो धाम | 2,420 | 2,740 | 3,670 |
| तीन धाम | 3,390 | 3,770 | 5,150 |
| चारधाम | 4,150 | 4,620 | 6,300 |





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 06 मई : इस बार चारधाम यात्रा पर संयुक्त रोटेशन अपनी 2,200 बसें संचालित करेगा। इन बसों में 150 बसें नई हैं। समिति का उद्देश्य है यात्रियों को सस्ती और सुगम यात्रा करना। इस बार चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू होने जा रही है और कयास लगाए जा रहे हैं कि पिछली बार से ज्यादा यात्री इस बार चारों धामों के दर्शन करने आएंगे। तीर्थयात्रियों के सही और सुगम व्यवस्था को देखते हुए समिति ने इस बार के लिए बसों की नई किराया सूची जारी कर दी है। इस बार किराया में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नवीन रमोला ने कहा इस बार चारधाम यात्रा पर संयुक्त रोटेशन अपनी 2,200 बसें संचालित करेगा जिसमें 150 बसें नई हैं और रोटेशन का उद्देश्य यात्रियों को सुगम और सस्ती यात्रा उपलब्ध कराना है।

# अजब-गजब रीति रिवाज : यहां सिर्फ कुछ घंटों के लिए होती है शादी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 06 मई : दुनिया में अलग-अलग जाति और समुदाय लोग निवास करते हैं। सभी की अपनी अलग-अलग संस्कृति, रीति रिवाज और मान्यताएं होती हैं। हर जगह पर रहन-सहन से लेकर शादी-ब्याह तक के अपने रीति-रिवाज होते हैं। जातियों और समुदायों में पालन किए जाने वाले रीति रिवाजों और मान्यताओं का अलग-अलग महत्व होता है। हालांकि दुनिया में पालन की जाने वाली कई परंपराओं के बारे में जानकर हैरानी होती है।

जब दो लोग शादी के बंधन में बंधते हैं, तो वो पूरा जीवन एक दूसरे का साथ निभाने की कसमें खाते हैं। हालांकि



सबसे हैरानी वाली बात यह है कि दुनिया में एक ऐसी जगह है, जहां पर शादी सिर्फ घंटे के लिए होती है। भारत के पड़ोसी देश चीन के कुछ इलाकों में पुरुष सिर्फ 24 घंटे के लिए ही शादी करते हैं। यह जानकर आपको यकीन नहीं हो रहा है, लेकिन यह पूरी तरह सच है। आइए जानते हैं अनोखी शादी के बारे में.एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में गरीबी की वजह से जो लोग शादी के दौरान लड़की को तोहफे और पैसे नहीं दे पाते, उनकी शादी ही नहीं होती है। इसकी वजह से वह एक अनोखी शादी करते हैं। इससे वह सिर्फ शादीशुदा कहलाते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के हुबेई प्रोविंस में खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे यानी एक दिन की शादी का चलन है। यहां कुछ लड़कों की गरीबी की वजह से शादी नहीं हो पाती है, तो मरने से पहले सिर्फ नाम के लिए शादी करते हैं। बीते 6 सालों में यह चलन तेजी से बढ़ा है। ऐसी शादी कराने वाले शख्स ने बताया कि उनके पास कई पेशेवर दुल्हनें हैं, जो 40 हजार रुपये लेती हैं और शादी करती हैं। यह ज्यादातर बाहर की लड़कियां होती हैं और उन्हें पैसे की जरूरत होती है।

हुबेई के ग्रामीण क्षेत्र में माना जाता है कि इंसान को मौत के बाद फैमिली ग्रेवयार्ड में शादीशुदा होने पर ही दफनाया जाएगा। इसलिए गरीब पुरुष शादी करने के बाद अपने पुश्तैनी कब्रगाह पर दुल्हन को लेकर जाते हैं। वहां पर वह पूर्वजों को बताते हैं कि उनकी शादी हो चुकी है। ऐसा करने का बाद उस शख्स की जगह पक्की हो जाती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि चीन में किराए पर गर्लफ्रेंड, ब्वॉयफ्रेंड यहां तक कि माता-पिता भी मिलते हैं।

# गर्मियों में रोजाना खाएंगे शहतूत, तो सेहत को मिलेंगे गजब के फायदे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 06 मई : गर्मियों का मौसम अपने साथ सिर्फ आम लेकर नहीं आता बल्कि, और भी कई बेहद स्वादिष्ट फल लाता है। इन्हीं फलों में शहतूत भी शामिल है। गर्मियों में शहतूत के पेड़, फलों से लद जाते हैं। छोटे-छोटे बैगनी, लाल, काले या सफेद रंग के ये फल, स्वाद में भी काफी लाजवाब होते हैं। इनका रसीला, खट्टा-मीठा स्वाद आपके मुंह में ऐसे घुलता है कि फिर आप इसे और खाने से खुद को रोक ही नहीं पाएंगे। वैसे हो सकता है, अपने स्कूल के दिनों में आपने घर आते वक्त अपने दोस्तों के साथ मिलकर खूब सारे शहतूत तोड़े होंगे और खाए भी होंगे। आज इस आर्टिकल में हम जानेंगे कि कैसे ये फल आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं और क्यों इन्हें गर्मियों में जरूर खाना चाहिए। आइए जानें।

शहतूत में विटामिन-सी पाया जाता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इनमें पॉलिफिनॉल्स पाए जाते हैं। ये भी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। इसलिए शहतूत खाने से सीजनल इन्फेक्शन आदि से लड़ने और बचने में मदद मिल सकती है।वजन कम करने में मददशहतूत दिखने में भले ही छोटे होते हैं, लेकिन आपका वजन कम करने में बड़ी मदद कर सकते हैं। इनमें काफी मात्रा में फाइबर पाया




जाता है, जिसकी वजह से बार-बार भूख नहीं लगती और आप अपने खाने के पोर्शन को आसानी से कंट्रोल कर पाते हैं। साथ ही, इनमें कैलोरी की मात्रा भी काफी कम होती है, जो वेल लॉस में काफी मददगार होता है।हड्डियों के लिए फायदेमंदहड्डियों की मजबूती के लिए आयरन और कैल्शियम बेहद जरूरी होते हैं और शहतूत में ये दोनों पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसलिए इन्हें खाने से हड्डियों को कमजोर होने से बचाव में मदद मिलती है.


दिल के लिए फायदेमंदये छोट रसीले फल आपके दिल का ख्याल रखने में भी आपकी मदद करते हैं। दरअसल, ये कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम करने में मदद करते हैं, जिससे दिल और आर्टरीज हेल्दी रहते हैं। इसके कारण हार्ट अटैक, एथिरोस्कलेरोसिस और स्ट्रोक का खतरा कम होता है।ब्लड शुगर कम करने में मददशहततू में फाइबर और एक ऐसा कंपाउंड पाया जाता है, जो ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में मदद करते हैं। दरअसल, ये शुगर को धीरे-धीरे ब्लड में रिलीज करने में मदद करते हैं, जिससे शुगर लेवल बढ़ता नहीं है। इसलिए इसे स्नैक्स के रूप में खाना काफी फायदेमंद हो सकता है।

पाचन में मददगारशहतूत में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन के लिए जरूरी होता है। फाइबर पेट में खाने को आंतों के भीतर पास होने में मदद करते हैं, जिसकी वजह से कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या नहीं होती।स्किन के लिए फायदेमंदशहतूत में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी पाया जाता है। ये दोनों ही स्किन के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। एंटी-ऑक्सीडेंट्स फ्री रेडिकल डैमेज को कम करते हैं, जिससे स्किन पर एजिंग के लक्षण जल्दी नजर नहीं आते और विटामिन-सी दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है।कैंसर से बचावदरअसल, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कैंसर की एक बड़ी वजह है। इसकी वजह से सेल्स में म्यूटेशन होता है, जिसकी वजह से कैंसर हो सकता है। इसे कम करने में शहतूत मदद करता है, क्योंकि इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कम करते हैं।

# उत्तराखंड : महिला ने रजनीगंधा की एजेंसी और बैंक में नौकरी लगवाने का झांसा देकर, लाखों रुपये ठगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर 06 मई : पुलिस ने महिला सहित पांच आरोपियों के खिलाफ फ्रॉड के मामले केस दर्ज कर लिया है। दो साल पहले जसपुर के इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगाने के बाद महिला चर्चा में सामने आई थी। आजकल फ्रॉड करने के मामले देशभर से सुनने को मिलते हैं जिसमें लुटेरे अलग-अलग तरीके से लोगों को फंसाकर उनसे लाखों और करोड़ों तक भी लूट जाते हैं। ऐसा एक मामला उत्तराखंड के काशीपुर से सामने आया है यहाँ पर एक चर्चित महिला ने एक व्यक्ति को रंजनीगंधा कंपनी की एजेंसी दिलवाने और उनके बेटे को बैंक में नौकरी लगवाने ने नाम पर साढ़े 13 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने महिला सहित पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।






काशीपुर के वार्ड नंबर 11 सुभाष कॉलोनी निवासी रामरतन ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा पारस राजपूत एमबीए करने के बाद नौकरी की तलाश कर रहा था। इसी बीच उसकी मुलाकात हिना रावत उर्फ निकिता सिंह निवासी ग्राम भीमनगर खरमासा कुंडेश्वरी से हुई थी। उन्होंने बेटे को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया था और फिर अगस्त व सितम्बर 2023 में हिना रावत अपने साथी पारस चौहान, तनु चौहान और जानकी देवी निवासी भीमनगर खरमासा और गुरविंदर सिंह उर्फ मीत निवासी शेखरपुरा खतौली, मुजफ्फरनगर के साथ उनके घर पर मिलने आई थी। फिर इन्होने बेटे की बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर 21 अक्टूबर 2023 को छह लाख रुपये लिए।

व्यक्ति ने बताया कि 17 अक्टूबर को आरोपी ने रुद्रपुर में एक ज्वैलर्स के खाते में उससे 20,001 रुपये ट्रांसफर कराए थे और फिर हिना ने 6 दिसंबर को छह लाख रुपये पान मसाले की एजेंसी दिलाने के नाम पर ले लिए। इस तरह से आरोपी महिला ने नकद और ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न तारीखों में उनसे कुल 13,44,001 रुपये ले लिए। इसके बाद भी महिला ने न तो बेटे की नौकरी लगवाई न ही उन्हें रजनीगंधा की एजेंसी दिलवाई। तहरीर के बाद पुलिस ने हिना, पारस चौहान, तनु चौहान, जानकी देवी, गुरविन्दर सिंह उर्फ मीत के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच चल रही है।

## देवप्रयाग में गुलदार के हमले में स्कूटी सवार दंपति घायल

नई टिहरी। रविवार सुबह को चाका से देवप्रयाग आ रहे स्कूटर सवार दंपति पर गुलदार ने सीएचसी बागी के निकट अचानक हमला कर दिया। गुलदार के हमले से स्कूटर सवार दंपति अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी बागी में प्राथमिक उपचार के बाद श्रीनगर बेस अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि रविवार सुबह तड़के पांच बजे पाली कुलसारी गांव निवासी 60 वर्षीय शेर सिंह अपनी पत्नी 50 वर्षीय सुशीला देवी के साथ स्कूटर में देवप्रयाग आ रहे थे। इस दौरान सीएचसी बागी के निकट मोड़ पर अचानक झाड़ियों में छिपे गुलदार ने उन पर हमला बोल दिया। गुलदार द्वारा शेर सिंह के पैर पर झपट्टा मारने से उनका स्कूटर सड़क पर पलट गया। जिससे उनका सिर सड़क पर टकरा गया।

## ऊखीमठ से आज रवाना होगी बाबा केदार की डोली

रुद्रप्रयाग। विश्व प्रसिद्ध भगवान केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया रविवार से शुरू हो गई है। सोमवार को विशेष पूजा अर्चना के साथ बाबा केदार की डोली ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से केदारनाथ के लिए रवाना होगी। डोली यात्रा को लेकर बदरी-केदार मंदिर समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। आगामी 10 मई को भगवान केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष की ग्रीष्मकालीन यात्रा के लिए सुबह 7 बजे खोल दिए जाएंगे। ग्रीष्मकाल में छह माह तक भगवान केदारनाथ की पूजा अर्चना हिमालय स्थित केदारनाथ धाम में होगी। केदारनाथ मंदिर के कपाट खोलने की प्रक्रिया को लेकर रविवार को ओंकोरश्वर मंदिर ऊखीमठ में देर सांय 7 बजे से भैरवनाथ का पूजन शुरू हुआ जो देर रात्रि तक चला। आचार्य एवं वेदपाठियों ने पूजा-अर्चना शुरू करते हुए भगवान से सुख समृद्धि और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। भगवान भैरवनाथ को केदारपुरी का क्षेत्र रक्षक देवता माना गया है। लोक मान्यताओं के अनुसार भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर में भैरव पूजन के बाद भैरवनाथ केदारपुरी के लिए रवाना होते है। बाबा भैरवनाथ केदापुरी की ऊंची पहाड़ियों पर विराजमान हैं। मंदिर समिति के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि सोमवार को ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली सेना एवं स्थानीय वाद्य यंत्रों तथा श्रद्धालुओं की जयकारों के साथ केदारपुरी धाम के लिए रवाना होगी।6 मई को डोली विभिन्न यात्रा पडावों पर भक्तों को आशीष देते हुए पहले रात्रि प्रवास के लिए विश्वनाथ मन्दिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। 7 मई को पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली दूसरे रात्रि प्रवास के लिए फाटा पहुंचेगी जबकि 8 मई को गौरीकुण्ड और 9 मई को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। जहां 10 मई को प्रातः 7 बजे भगवान केदारनाथ के कपाट देश-विदेश के भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

## एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने रविवार को अगस्त्यमुनि क्रीड़ा कांप्लेक्स अगस्त्यमुनि में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था निरीक्षण किया। साथ ही जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्ट्रांग रूम में किसी भी बाहरी तथा अनाधिकृत व्यक्ति के आवागमन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए। लोकसभा सामान्य निर्वाचन मतदान संपंन होने के बाद ईवीएम मशीनों को अगस्त्यमुनि में स्थापित स्ट्रांग रूप में सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में सुरक्षित रखा है। स्ट्रांग रूम के बाहर समुचित सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांग रुम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एन्ट्री गेट पर रजिस्टर चैक करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों एवं सुरक्षा गार्द का निरीक्षण किया गया। साथ ही स्ट्रांग रुम के आस-पास के क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घण्टे निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

## तीन नए कानूनों की जानकारी दी

रुद्रप्रयाग। तीन नए आपराधिक कानूनों का सफलतापूर्वक क्रियान्वित किए जाने को लेकर जनपद में रविवार को ऑफलाइन प्रशिक्षण संपन्न हो गया। पुलिस कार्मिकों को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की बारीकियों से जानकारी दी गई। पुलिस मुख्यालय देहरादून से मिले निर्देशों के बाद पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने नामित नोडल अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक हर्षवर्द्धनी सुमन के पर्यवेक्षण में राज्य में 1 जुलाई से नए आपराधिक कानूनों का सफलतापूर्वक क्रियान्वित किए जाने के निर्देश दिए। पुलिस लाइन रतूड़ा में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, अपर उपनिरीक्षक हेड सहित कुल 110 पुलिस कार्मिकों को नए कानूनों का प्रशिक्षण दिया गया।

## कर्णप्रयाग में पानी न आने से परेशान रहे लोग

चमोली। रविवार को कर्णप्रयाग में कालेश्वर औक घटगाड़ की पेयजल लाइन पर पानी न आने से लोग परेशान रहे। ऐसे में शक्तिनगर, राजनगर, पुजारीगांव और देवतोली के सैकड़ों लोगों ने नदी व जलस्रोतों से पानी लाकर काम चलाया। अनुज डिमरी, दिनेश थपलियाल और जितेंद्र पंवार ने कहा कि कर्णप्रयाग में घटगाड़ पेयजल योजना से अपर बाजार, तहसील कॉलोनी, सुभाषनगर व सांकरीसेरा में पानी की आपूर्ति की जाती है। वहीं, कॉलेश्वर की लाईन से शक्तिनगर, राजनगर, पुजारीगांव, देवतोली व बस स्टेशन मोहल्ले को पानी मिलता है, लेकिन रविवार को दोनों लाइनों पर पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई। हालांकि घटगाड़ गदेरे वाली योजना से बाद में काफी कम पानी की आपूर्ति हुई, जो लोगों के लिए पर्याप्त नहीं हो पाई। जिससे नगर हजारों को लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## कर्णप्रयाग में जंगल की आग ने मचाया हाहाकार

चमोली। रविवार को कर्णप्रयाग के पास जंगल में लगी आग आबादी में आने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि लोगों ने समय रहते आग में पानी डालकर आग अपने घरों के पास आने से रोक दिया। लेकिन आग से करीब तीन किलोमीटर का जंगल पूरी तरह जल गया है। अपर बाजार से गौचर को जाने वाली सड़क के पास भी आग पहुंची। जिससे कुछ देर तक लोगों ने अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा रखा। पहाड़ी से लोगों के घरों में पत्थर गिरने का खतरा बना है।

## अपर बाजार कर्णप्रयाग में 22 मई से रामलीला मंचन

चमोली। अपर बाजार कर्णप्रयाग में 22 मई से जयश्री रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला का मंचन आयोजन किया जाएगा। रविवार को रामलीला कमेटी के अध्यक्ष हरिकृष्ण भट्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 मई को हनुमान ध्वज स्थापित होगा। इस दौरान पंडित अशोक खंडूड़ी और चंडीप्रसाद खंडूड़ी ने शुभ मुहूर्त निकाला। रामलीला के भव्य आयोजन के लिए अन्य जनपदों में निवास कर रहे कमेटी से जुड़े सदस्यों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर महामंत्री राजेश जोशी, कोषाध्यक्ष नवीन डिमरी, उपाध्यक्ष अनिल खंडूड़ी, आलम पंवार, कांति डिमरी, सौरभ कांडपाल, सुरेंद्र रावत, सम्पूर्णानंद डिमरी, दिनेश जोशी, पंकज डिमरी, प्रदीप बिष्ट, एलपी जोशी, आदित्य नवानी, साहिल नेगी, अभिनव जोशी, रहीम सिद्धिकी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस ने नगर निगम चुनाव को लेकर किया विचार विमर्श

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस कार्यालय में नगर कांग्रेस कमेटी श्रीनगर की बैठक हुई। बैठक में नगर निगम चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर कांग्रेस से मेयर के लिए 16 कार्यकर्ताओं ने दावेदारी की। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल की अध्यक्षता में आहुत की गयी बैठक में नगर निगम चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के लिए आवेदन मांगे गये, जिसमें 16 प्रत्याशियों ने अपने आवेदन दिये। मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल ने बताया कि प्रत्याशियों की सूची को हाईकमान तक भेजा जाएगा। हाईकमान के फैसले को ही अंतिम फैसला मानते हुए आगामी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पीसीसी सदस्य बिरेंद्र सिंह नेगी, सुरेंद्र सिंह चौहान, सतीश पटवाल, संजय कुमार, सुधांशु नौडियाल, भूपेंद्र पुण्डीर सहित आदि मौजूद थे।

### श्रीनगर में सत्यापन नहीं कराने पर पांच का चालान

श्रीनगर गढ़वाल। कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने रविवार को नगर क्षेत्र में सघन अभियान चलाया। इस दौरान किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर पांच मकान मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक होशियार सिह पंखोली ने बताया कि पुलिस की 6 टीमों ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस मौके पर किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर 5 मकान मालिकों पर पुलिस ऐक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने नगर क्षेत्र की जनता से किरायेदारों, घरेलू नौकरों, कर्मचारियों और मजदूरों का अतिशीघ्र सत्यापन करने की अपील की है।

### कीर्तिनगर में आरएसएस के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जाखणी कीर्तिनगर में आयोजित तीन दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग के प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। जाखणी विद्या मंदिर में हुए कार्यक्रम में कीर्तिनगर खंड, देवप्रयाग, हिंडोलाखाल, गजा व व्यासी खंड के स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रारम्भिक वर्ग में 30 व्यवसायिक स्वयंसेवी को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला संघ चालक देवप्रयाग सुरेश कोटियाल ने कहा कि संघ शिक्षा प्रणाली से ऐसी युवा पीढ़ी का स्वस्थ निर्माण हो सके, जो हिंदुत्वनिष्ठ एवं राष्ट्रीय भक्ति से ओत-प्रोत, शारीरिक प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक,आध्यात्मिक दृष्टि से पूर्ण विकसित व जीवन की वर्तमान चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके। मौके पर टिहरी विभाग शारीरिक प्रमुख मोहन कुमाई, विभाग प्रचारक टिहरी पारस, महेन्द्र बंगवाल, विधायक विनोद कंडारी, मनीष,शिवमूर्ति, विशाल राणा, पंकज उनियाल, रणजीत जाखी, राजेंद्र नेगी, संतोष मौजूद थे।

### पर्यटन विभाग ने चैकिंग के दौरान 42 कैंप साईटों का चालान किया

नई टिहरी। सप्ताह भर में चैकिंग को दौरान जिला पर्यटन विभाग ने 42 कैंप साइटों का चालान किया है। चारधाम यात्रा के दौरान होटल, रेस्टोरेंट, कॉटेज, टेंट आदि में यात्री व्यवस्था बेहतर करने के लिए पर्यटन विभाग ने चेकिंग अभियान शुरू किया है ।जिला पर्यटन विकास अधिकारी सोबत सिंह राणा ने बताया कि बगैर पंजीकरण के चल रहे होटलों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। अब तक गंगा नदी क्षेत्र मुनिकीरेती, तपोवन, व्यासी आदि में 42 कैंप साइटों का चालान किया है।

### धूमधाम से मनाय गया मां कालिंका मेला

नई टिहरी। रानीचौरी चंबा में रविवार को मां कालिंका मेले को धूमधाम से मनाया गया। मेले में स्थानीय लोगों ने मेल-मिलाप करने के साथ ही जमकर खरीदारी की। रविवार को चंबा ब्लॉक के रानीचौरी में आयोजित मां कालिंका मेले में लोगों की जमकर भीड़ उमड़ी। मेले में बच्चों और महिलाओं के लिए मनोरंजन के साधन झूले, चर्खी सहित अन्य सामान लगाया गया था। महिलाओं ने मेले में खूब खरीदारी की। मेला समिति के संरक्षक सुशील बहुगुणा ने मेले का शुभारंभ करते हुए कहा कि मेले और थौल आपसी मेलजोल के साधन हैं। सरकार पौराणिक मेलों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। कहा कि मेले में विभिन्न सामान उचित रेट पर मिल जाता है। जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिलता है। बताया कि इस दौरान वहां स्थानीय उत्पादों के स्टॉल के अलावा बच्चों और महिलाओं के मनोरंजन के लिए सभी साधन लगाए गए थे। समिति के स्वयं सेवकों और चंबा थाना पुलिसकर्मियों ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। वक्ताओं ने कहा कि यह मेला कोई पौराणिक नहीं है बल्कि पिछले छह साल से ही लगाया जा रहा है। लेकिन धीरे-धीरे लोगों इस मेले में अपनी सहभागिता बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर अरविंद, प्रवीण, गिरिजा प्रसाद बहुगुणा, टीकाराम, राकेश, सुधीर बहुगुणा, विनोद सुयाल, हरि प्रसाद सकलानी, विक्रम राणा आदि मौजूद थे।

### होनहारों को सम्मान देकर प्रोत्साहित किया

नई टिहरी। मैती मिलन परिवार ने रविवार को बौराड़ी के एक निजी होटल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर नगर के सरकारी स्कूलों के होनहारों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हेमलता भट्ट और मैती मिलन परिवार के संरक्षक अनुसूया नौटियाल सहित अन्यों ने दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य हेमलता भट्ट ने कहा कि मैती मिलन परिवार का यह प्रयास सराहनीय है। होनहारों को प्रोत्साहित करने का काम किया जाना जरूरी है। जबकि नौटियाल ने कहा कि मैती मिलन का परिवार का प्रयास है कि नगर की शून्यता को भरने के लिए मैती मेले सहित सांस्कृतिक व पौराणिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाये। इसके साथ ही होनहार छात्रों व उनके पीछे प्रयास करने वाले परिजनों को सम्मानित करने की काम भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर के दर्जनभर से अधिक स्कूलों के दो सौ से अधिक होनहारों सहित अभिभावकों और अध्यापकों को सम्मानित करने का काम किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन सतीश थपलिया ने किया। इस मौके पर राखी राणा, शैलेंद्र चमोली, रोशन लाल, जीत राम भट्ट, तौफीक अहमद, आरडी बिजल्वाण, एडवोकेट राजपाल मियां, डा. सीमा नौटियाल, विजय लक्ष्मी आदि शामिल रहे।

### डीएम दीक्षित ने स्वयं लिया वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

नई टिहरी। रविवार को डीएम मयूर दीक्षित ने डीएफओ पुनीत तोमर और अन्य स्टाफ के साथ विभिन्न स्थानों पर लगी वनाग्नि का स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग, आपदा प्रबंधन, राजस्व, पुलिस और अग्निशमन विभाग के कार्मिक आपसी समन्वय बनाकर वनाग्नि बुझाने में सहयोग करें। साथ ही कर्मचारी अपनी जान का विशेष ख्याल रखें। क्योंकि वनाग्नि के जहां आग के चपेट में आने की संभावना बनी रहती है, वहीं पत्थर गिरने से भी दुर्घटना हो सकती है। रविवार को डीएम ने डीएफओ के साथ सुरसिंगधार, भोनाबागी और बुडोगी के जंगलों में लगी आग का मुआयना किया। चिंता जताई कि पहले आगे खेतों और सिविल लैंड में लग रही है। उसके बाद यह फैलकर आरक्षित वन क्षेत्र में जा रही है। डीएम ने सभी एसडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि सिविल और खेत व नाम लैंड क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति आग लगाते हुए पकड़ा जाए उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करें।

# उत्तराखंड : विश्वपटल पर पहाड़ का मान बढ़ाएंगी बेटियां, हर्षिता और निष्ठा बैंकॉक में दिखाएंगी हुनर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 06 मई : विदेशी धरती पर आयोजित होने वाली थाई केटिंग ट्रॉफी-2024 और आइस स्केटिंग डेवलपमेंट सेमिनार में उत्तराखंड के खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे। प्रदेश के युवा अब हर क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है।

इसी कड़ी में उत्तराखंड की हर्षिता रावतानी और आइस प्रिंसेस ऑफ उत्तराखंड निष्ठा पैन्यूली देश का परचम बुलंद करने बैंकॉक पहुंचे है। विदेशी धरती पर आयोजित होने वाली थाई केटिंग ट्रॉफी-2024 और आइस स्केटिंग डेवलपमेंट सेमिनार में उत्तराखंड के ये खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे। फिंगर एवं स्पीड स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अधीन, बैंकॉक में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में एक उत्तराखंड की खिलाड़ी और एक कोच ने भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की है।उत्तराखंड की हर्षिता रावतानी और आइस प्रिसेस ऑफ उत्तराखंड निष्ठा पैन्यूली को कोच के रूप में टीम का हिस्सा बनाया गया है, यह 3 मई से 12 मई तक आयोजित है । देश के पांच खिलाड़ियों और दो कोच के साथ भारतीय टीम बैंकॉक के लिए रवाना हो गई है। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य, अमिताभ शर्मा ने बताया कि वे आइस स्केटिंग डेवलपमेंट सेमिनार में भाग लेकर विश्व प्रसिद्ध आइस स्केटरों से खेल की बारीकियां सीखेंगे।उत्तराखंड के आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष, शिव पैन्यूली ने बताया कि उत्तराखंड के खिलाड़ी अपने हुनर के दम पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं, चाहे वह देश में हों या विदेश में। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि देहरादून में स्थित आइस स्केटिंग रिंग को खोलने के लिए लंबे समय से प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही इससे खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा।



# भारतीय महिला हॉकी टीम में हरिद्वार की मनीषा का बतौर मिडफिल्डर चयन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





हरिद्वार 06 मई : जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी जिसमें उत्तराखंड की मनीषा चौहान भी खेलेंगी। प्रदेश की बेटियां लगातार हर क्षेत्र में चयनित होकर उत्तराखंड का नाम रोशन कर रही हैं। इसी क्रम में भारतीय महिला हॉकी टीम में हरिद्वार के श्यामपुर निवासी मनीषा चौहान का चयन हुआ है। जिसके बाद से परिजन और क्षेत्रवासी बहुत ही खुश हैं। जल्द ही भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग (इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन) खेलने बेल्जियम और इंग्लैंड जाएगी। जिसमें उत्तराखंड की मनीषा भी अपना प्रदर्शन दिखाएंगी।

मनीषा चौहान का जन्म सन 1999 में हरिद्वार के श्यामपुर में हुआ था। इनके पिता ज्ञान सिंह हाल ही में बीएसएफ से सेवानिवृत होकर घर लौटे हैं। मनीषा ने श्रीराम विद्या मंदिर श्यामपुर में शिक्षा के दौरान स्कूल की ओर से हॉकी खेलना शुरू कर दिया था। जिसके बाद इन्होने सीबीएसई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया और बेस्ट ऑफ प्लेयर खिताब जीता। वर्ष 2016 में इन्होने जूनियर वुमन नेशनल प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम में कप्तान के रूप में प्रतिभाग किया। इसके बाद ये वर्ष 2018 में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस दिल्ली के लिए चयनित हुई और फिर 2019 में केन्या व बांग्लादेश में खेलने गई। इन्होने वर्ष 2020 में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी और फर्स्ट खेलो इंडिया में प्रतिभाग किया और 2021 में फर्स्ट हॉकी इंडिया सीनियर वूमन इंटर डिपार्टमेंट नेशनल चैंपियनशिप में कप्तान और बेस्ट मिडफील्डर का अवार्ड जीता।मनीषा ने हाल ही में पुणे में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर वुमन नेशनल चैंपियनशिप 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया और इसमें अच्छा प्रदर्शन के चलते मनीषा ने हॉकी इंडिया सीनियर वुमन नेशनल टीम में जगह बनाई। मनीषा अपने हॉकी करियर का श्रेय कोच बलविन्द्र सिंह को देती हैं।

कोच बलविन्द्र सिंह ने बताया कि मनीषा के अंदर पढाई के साथ-साथ खेलों में काफी अधिक रुचि रही और इन्होने नौ वर्ष आयु में ही कक्षा 5 से हॉकी खेलना शुरू कर दिया था। मनीषा की मेहनत और लगन ने उसे भारतीय टीम में नेतृत्व करने का अवसर दिया है।

## करंट लगने से लाइनमैन झुलसा

बागेश्वर। कपकोट में रविवार की सुबह 11 बजे बांसे में बिजली की लाइन में काम करते समय ऊर्जा निगम का एक लाइनमैन ऊपर से जा रही दूसरी लाइन से फैले करंट की चपेट में आ गया। वह पोल पर ही चिपक गया। दूसरी लाइन का शटडाउन लेने के बाद वह नीचे गिरा। घायलावस्था में उन्हें साथी उसे सीएचयी कपकोट लाए। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। कपकोट तहसील के सूपी निवासी 48 वर्षीय नारायण सिंह पुत्र कृपाल सिंह रविवार को बांसे में पोल पर चढ़कर मरम्मत कार्य कर रहे थे। इसी दौरान ऊपर से जा रही पर्वतीय पावर लिमिटेड की लाइन से करंट फैल गया और इसकी चपेट में लाइनमैन आ गया। वह पोल पर ही चिकप गया। अन्य कर्मचारियों ने इसकी सूचना सब स्टेशन को दी। बाद में दूसरी लाइन का भी शटडाउल लिया गया। इसके बाद लाइनमैन पोल से नीचे गिर गया। वह बुश्री तरह झुलस गया। घायलावस्था में उन्हें सीएचसी कपकोट लाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में लाइनमैन का इलाज चल रहा है। इधर ऊर्जा निगम के एसडीओ एसएस भंडारी ने बताया कि पीपीएल की लाइन से करंट लगने से लाइनमैन उसकी चपेट में आ गया। उधर पीपीएल के प्रबंधक राजेश उपाध्याय ने कहा कि ऊर्जा निगम की लाइन के ऊपर से उनकी लाइन जरूर जा रही है, लेकिन वह बिजली ऊर्जा निगम को देते हैं। अपनी लाइन में काम करने से पहले विभाग ने दोनों लाइनों का शटडाउन लेना चाहिए था। उनके विभाग की इसमें कोई लापरवाही या गलती नहीं है

## पांच दिन बाद भी फौजी नहीं पहुंचा ड्यूटी पर

बागेश्वर । कपकोट निवासी एक फौजी छुट्टी बिताने के बाद अपनी ड्यूटी के लिए रवाना हुए, लेकिन पांच दिन बाद भी वह अपनी ड्यूटी स्थल तक नहीं पहुंच पाए। 30 अप्रैल को उनकी अंतिम बार अपनी पत्नी से फोन पर बात हुई। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा है। परिजन परेशान हैं। पत्नी से पुलिस में पति की गुमशुदगी दर्ज कराई है।कपकोट तहसील के कर्मी मूल व हाल कपकोट निवासी 42 वर्षीय सैनिक रणजीत सिंह पुत्र गोविंद सिंह कुछ दिन पूर्व छुट्टी में घर आए थे। यहां छुट्टी खत्म होने के बाद वो डूयूटी में लौट रहे थे। वह वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के रौजौरी 12 कुमाऊं रेजिमेंट में कार्यरत हैं। रणजीत सिंह कपकोट से 30अप्रैल को 10 बजे लोकल गाड़ी से काठगोदाम के लिए रवाना हुए। जहां से उन्हें जम्मू ट्रैजिड कैंप में रिपोर्ट दर्ज करने थी, यहां उनके पत्नी दुर्गा देवी ने 30अप्रैल को 3.30साय अंतिम बार बात हुई । उसके बाद किसी भी प्रकार से बात नहीं हो पाई। रणजीत सिंह के ती बचे हैं। प्रिया13 रचना नौ तथा रोहित सात साल का है। तीनों कपकोट में पढ़ते हैं। पति की लोकेशन का पता नहीं चलने से परिजन व बच्चे परेशान है। पत्नी दुर्गा देवी ने कपकोट पुलिस में पति की गुमशुदगी दर्ज कराई है। कपकोट पुलिस ने मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड : बिना किसी कोचिंग के पहाड़ का बेटा दिव्यांशु बना सेना में लेफ्टिनेंट

न्यूज वायरस नेटवर्क

माध्यम से सेना में टेक्निकल कोर में एंट्री पाई है, लाखों बच्चो के बीच देशभर में 78वी रेंक हासिल की है।पहाड़ के युवाओं के अंदर सेना में जाने का जज्बा एक अद्भुत उत्साह का प्रतीक है। यह उनकी वीरता, साहस और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, जो उन्हें न केवल सेना में सेवा करने के लिए तैयार करता है, बल्कि उन्हें विश्वास दिलाता है कि वे अपने मातृभूमि के लिए समर्पित हैं। इसी क्रम में श्रीनगर गढ़वाल के रहने वाले दिव्यांशु रावत ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उन्होंने कभी किसी कोचिंग या ट्यूशन का सहारा नहीं लिया और आज दिव्यांशु ने लाखों बच्चो के बीच देशभर में 78 वी रेंक हासिल करते हुए एसएसबी का इंटरव्यू सहित सेना के सभी पैरामीटर क्लियर कर दिए हैं, वे अब 4 साल की ट्रेनिंग के बाद दिव्यांशु सेना में लेफ्टिनेंट पद पर काबिज होंगे।

दिव्यांशु ने अपनी स्कूलिंग रेनबो पब्लिक स्कूल से की है और इससे पूर्व उन्होंने डीयू में एडमिशन प्राप्त करने में भी सफलता हासिल की थी, वर्तमान में वे शहीद भगत सिंह कॉलेज दिल्ली से बीए सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके बड़े भाई प्रियांशु रावत सेना में जाने के लिए उनके प्रेरणाश्रोत बने। वे एनडीए के जरिए सेना में अफसर बने थे, दोनों भाई बचपन से ही सेना में भर्ती होना चाहते थे और अब दोनों सेना में अधिकारी बनकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। दिव्यांशु की इस उपलब्धि के बाद घर और स्कूल में खुशी का माहौल है।

दिव्यांशु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, अपने दादा-दादी व माता-पिता को दिया है। उनकी माँ माता मंगला रावत बच्चों की सफलता से बेहद खुश हैं और पिता दिलबर सिंह रावत बेटे की इस सफलता से गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, वे वर्तमान में जीजीआईसी चौकी में अध्यापक हैं। उन्होंने बताया की दिव्यांशु बचपन से ही एक सामान्य छात्र था उसका ध्यान ज्यादा खेल कूद में ही रहता था और वह फूटबाल का एक अच्छा खिलाड़ी भी है। उन्होंने आगे बताया कि दिव्यांशु के दादा अपने दोनों पोतों को सेना में अधिकारी बनते देखना चाहते थे और आज उनका सपना साकार हो चुका है और वो लोग भी ख़ुशी से गदगद हैं।



# Shri Ram Centennial School bags the First Prize at VoW Iti Natya, 2024

**By Tania Saili Bakshi & Nikita Aggarwal**








Photo Courtesy: Sneha Rawat, ITI NATYA : 2024

Dehradun: The winner of the VoW Iti Natya, 2024 theatre festival was Shri Ram Centennial School securing the first position, followed by Jaswant Modern Sr Sec School in second place and Doon Global School and Gyananda sharing the third position respectively.

With an overwhelming response to the third edition of Iti Natya 2024 invite close to a dozen schools from Dehradun and neighbouring district of Haridwar brought Kalidasa's masterpiece, ₹Abhigyan Shakuntalam,₹ come alive on the stage.

On Sunday morning of May 5th, Valley of Words (VoW) in collaboration with IGNFA, Dehradun, Young Indians, Dehradun Chapter and CII, proudly presented the third edition of 'Iti Natya,' the theatrical segment of the esteemed literary festival. Held at the Hari Singh Auditorium, IGNFA, FRI Campus, Dehradun, the event aimed to foster a deeper appreciation for the art of theatre among the community, while also celebrating the rich cultural heritage of India.

The day commenced with a warm introduction of Young Indians (YI), followed by thought-provoking sessions conducted by the YI Team. Dr. Ankita Priyadarshini shed light on mental health, emphasizing its importance in today's fast-paced world. Road safety was addressed by Mr Kumal Puri with diligence, raising awareness on traffic rules and safe driving practices, and the Masoom presentation provided a comprehensive exploration of safety measures concerning internet usage, shedding light on the potential dangers and pitfalls. Through engaging visuals, real-life examples, and interactive discussions, the presenters effectively conveyed the gravity of these issues, capturing the undivided attention of the audience.

The distinguished panel of judges, comprising Ms. Meghana Anee Wilson, Ms. Shalini Rao and Mr. Siddhant Arora, provided valuable insights and encouragement.

The Young Indians' speech by Chair Jamanveer Singh Sahni, highlighted the importance of confidence-building among young minds, highlighting the pivotal role of platforms like Iti Natya in nurturing talent and fostering growth.

Ms. Jyoti Dhawan, Board Member and Curator of Iti Natya and Children Vertical reflected on the festival's growth over eight consecutive year and its mission to develop performing arts skills while providing a platform for budding artists. She drew parallels between Kalidasa, ₹The Shakespeare of India,₹ and his timeless portrayal of love in ₹Abhigyan Shakuntalam,₹ setting the stage for the day's performances.

Our esteemed Chief Guest, Shri Jagmohan Sharma (IFS), APCCF & DG, EMPRI, Bengaluru, who also serves as the Director of Indira Gandhi National Forest Academy (IGNFA), Dehradun, graced the occasion. He expressed gratitude for the collaborations between IGNFA, Valley of Words, and Young Indians, emphasizing the significance of exposing youth to India's cultural heritage by giving them a befitting stage. Thanking participating students, teachers, institutional heads and its collaborating partners, Festival Director Valley of Words, Literature and Arts Festival Dr. Sanjeev Chopra stated, "


As the curtains drew to a close on Iti Natya, a celebration that intertwines music and dance, poetry and enactment, teamwork and conceptualization, the organizers expressed heartfelt gratitude to all participants, sponsors, and supporters for their unwavering enthusiasm and commitment including students and staff of Doon Global School, Doon International School, Gyananda School, Him Jyoti School, Jaswant Modern Sr. Sec School, Maa Anandmai Memorial School, Shri Ram Centennial School, St. Kabeer School, The Oasis School, Tonsbridge School, and Wisdom Global School, Haridwar for their dedication and passion that contributed in making Iti Natya a resounding success.

Thanking the schools, teachers and its collaborating partners, Festival Director of Valley of Words, Literature and Arts Festival, Dr Sanjeev Chopra stated, "The third edition of Iti Natya appears to surpass the previous years, and I hope it continues to thrive in the same manner.

# आपको भी है नाखून चबाते रहने की बुरी आदत, जान लीजिये इसके नुकसान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 06 मई : कई आदतें ऐसी होती हैं, जिन्हें छुड़ाने के लिए लाख जतन क्यूं न कर लिए जाएं, लेकिन वे जाने का नाम नहीं लेती हैं। ऐसी ही एक आदत है नाखून चबाने की, जो कई लोगों को बचपन से ही लग जाती है। ऐसे में आप भी अगर इसे हल्के में लेते हैं तो आइए आज इस आर्टिकल में आपको बताते हैं कि कैसे इस बैड हैबिट से आपको लेने के देने पड़ सकते हैं।



क्यों बुरा है नाखून चबाना ?नाखूनों को कुतरते रहने से शरीर कई बीमारियों का घर बन सकता है। बता दें, स्किन इंफेक्शन होने की संभावना रहती है, जिससे आपका शरीर कई खतरनाक बैक्टीरिया के संपर्क में आ जाता है।इससे न सिर्फ नाखूनों की बनावट हमेशा के लिए बिगड़ जाती है, बल्कि इस लत के चलते हाइजीन से जुड़ी दिक्कतें आपको तो नुकसान पहुंचाती ही हैं, साथ ही आपके संपर्क में आने वाले लोगों के लिए भी बड़ी परेशानी साबित होती हैं।इससे न सिर्फ आपके दांत डैमेज होते हैं, बल्कि मसूड़ों पर भी इसका बुरा असर देखने को मिलता है। इससे आप मसूड़ों को इन्फेक्टेड तो करती ही हैं, साथ ही इन्हें कमजोर भी बना देते हैं।ऐसा करने से नाखूनों के आसपास की त्वचा रूखी रहकर हटने लगती है, जो न तो देखने में हाइजीनिक लगती है और न ही सेहत के लिहाज से सही है।नाखून चबाने से पाचन तंत्र पर भी सीधा असर देखने को मिलता है, जिसमें शरीर में कई बैक्टीरिया प्रवेश कर जाते हैं और पेट में कीड़े होने की समस्या भी हो जाती है।कैसे पाएं इस आदत से छुटकारा ?स्ट्रेस और एंजाइटी कितनी ही क्यूं न हो, लेकिन आपको इसे मैनेज करना सीखना ही होगा।

तनाव दूर करने के कई और भी तरीके मौजूद हैं, जो सेहत पर बुरा असर नहीं डालते हैं।इस बुरी आदत से छुटकारा पाने के लिए आप नाखूनों पर कुछ कड़वा या बेस्वाद लगाकर रख सकते हैं या फिर हाथों को खाली वक्त में जेब में रखना शुरू कर दीजिए।मुंह को बिजी रखकर भी आप इस आदत से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए च्विंगम या माउथ फ्रेशनर आदि ले सकते हैं।

## विवाहिता ने गटका जहर, हायर सेंटर रेफर

बागेश्वर। जिला मुख्यालय से लगे एक 35 साल की विवाहिता ने घरेलू कलह के चलते जहर गटक लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## नदीगांव वार्ड में रातभर टहलता रहा गुलदार

बागेश्वर। नगर पालिका क्षेत्र के नदीगांव वार्ड में शनिवार की रात गुलइदार धमक गया। वह रातभर वहीं रहा। इसकी दहाड़ से लोग दहशत में रहे। लोगों ने आवाज लगाकर एक दूसरे से रात में बाहर नहीं आने को कहा। सुबह होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र के आए गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

## कमस्यार महोत्सव समिति कार्यकारिणी भंग

बागेश्वर। कमस्यार महोत्सव समिति की की यहां आयोजित बैठक में कार्यकारिणी को भंग किया गया। जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। तब तक मनोहर रौतेला के निर्देश में समिति काम करेगी। समिति अध्यक्ष सुरेश सिंह रावत की अध्यक्षता में रविवार को देवतोली में बैठक संपन्न हुई हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज समिति का तीन साल का कार्य काल पूरा हो गया है। अध्यक्ष सुरेश सिंह रावत ने कार्यकारिणी भंग करने की सिफारिश की। सर्वसम्मति से इसे पास किया गया। अगले कार्यकारिणी गठन तक संरक्षक मनोहर सिंह रौतेला के निर्देशन में समिति के सामान्य कार्य सम्पन्न होंगे। नई कमस्यार महोत्सव समिति के गठन के उपरांत ही पंजीकरण किया जाएगा। जल्दी ही बैठक पुर्नगठन के सम्बंध में बुलाई जाएगी।

## साथी संगठन की बैठक में मई के कार्यक्रम निर्धारित

हल्द्वानी। साथी संगठन की प्रथम मासिक बैठक रविवार को झंडा पार्क में हुई। चाय पर चर्चा के दौरान मई में प्रतेक रविवार के कार्यक्रम निर्धारित किए गए। जिसके तहत दूसरे रविवार को अटल पार्क में स्वच्छता अभियान, 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली, तृतीय रविवार को शिवमंदिर ओमकार सिटी में सामूहिक स्वस्थता श्रमदान, चौथे रविवार को झंडा पार्क में नेचरोपैथ व व्यायाम कार्यक्रम होंगे। बैठक में कमांडेंट आरपी सिंह, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, जीएस खोलिया, विरेन्द्र सिंह भाकुनी, आरएस बोरा, मोहन सिंह महरा, डीडी शर्मा, लक्ष्मण सिंह गौनिया, लीलाधर पाण्डे, आनन्द सिंह ठठोला आदि मौजूद रहे।

# रवि बिजारनिया पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के नए अध्यक्ष











- अनिल सती सचिव और सुरेश चन्द्र भट्ट बने कोषाध्यक्ष
- जनसंपर्क क्षेत्र से जुड़े लोगों का देश में सबसे बड़ा संगठन है पीआरएसआई
- रवि बिजारनिया और सुरेश भट्ट उत्तराखंड सूचना विभाग के वरिष्ठ अधिकारी है

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। पीआरएसआई देहरादून चैप्टर की आमसभा में रवि बिजारनिया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। श्री बिजारनिया वर्तमान में सूचना विभाग में उपनिदेशक पद पर कार्यरत हैं। इसी प्रकार अनिल सती को सचिव और सुरेश चन्द्र भट्ट को कोषाध्यक्ष के साथ ही डॉ. ए. एन. त्रिपाठी उपाध्यक्ष, राकेश डोभाल संयुक्त मंत्री के पद पर फिर से चुना गया है।

इस अवसर पर पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के नव नियुक्त अध्यक्ष श्री रवि बिजारनिया ने कहा कि पीआरएसआई संगठन सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए सेतु का काम करेगा। इसके लिए सूचना तकनीक और सोशल मीडिया का विशेष रूप से उपयोग किया जायेगा। लोकहित और सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर नियमित तौर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्तराखंड की संस्कृति, पर्यटन, व्यंजन, को पीआरएसआई के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के माध्यम से प्रचारित करने का प्रयास किया जायेगा। श्री बिजारनिया ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी विभागों और संगठनों के जनसंपर्क से जुड़े लोगों को संगठन से जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष अमित पोखरियाल ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किये गए है। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष विमल डबराल, एनसी मेंबर अनिल वर्मा, रजनीश त्रिपाठी, सुश्री जॉली, सदस्य वैभव गोयल, ज्योति नेगी, शिवांगी सिंह, संजय सिंह, महेश कुमार, आकाश शर्मा, सुधाकर भट्ट, आलोक तोमर, प्रताप सिंह बिष्ट, डॉ. पीसी जोशी आदि उपस्थित थे। पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र भट्ट द्वारा सभी का स्वागत किया गया, जबकि सचिव अनिल सती द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) की स्थापना 1958 में की गई थी। ये जनसंपर्क से जुड़े लोगों का देश का सबसे बड़ा संगठन है। इसमें सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र के जनसंपर्क से जुड़े लोग शामिल हैं। इसका उद्देश्य रणनीतिक प्रबंधन में जनसंपर्क प्रोफेशन को आगे बढ़ाना है। देश भर में 25 चैप्टर और 4 हजार से अधिक सदस्यों वाला ये राष्ट्रीय संगठन पीआर प्रोफेशनल को प्रभावी प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। देहरादून चैप्टर की स्थापना 1990 में की गई थी।

# बॉक्स ऑफिस को अलविदा कहने की तैयारी में रुसलान, BMCM-मैदान का भी हाल बेहाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 06 मई : भारतीय बॉक्स ऑफिस की रौनक इन दिनों थोड़ी फीकी नजर आ रही है। बीते कई हफ्तों में रिलीज हुई फिल्में टिकट खिड़की पर दमदार कलेक्शन नहीं कर सकी हैं। हाल ही में रिलीज हुई रुसलान का हाल बेहाल है। फिल्म में आयुष शर्मा ने जमकर मेहनत की, लेकिन फिर भी यह फिल्म कमाल नहीं दिखा सकी। वहीं, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में भी सिनेमाघरों तक भीड़ खींचने में नाकाम रही हैं। आइए जानते हैं कि कौन सी फिल्म ने कितना कलेक्शन किया।

रुसलान टिकट खिड़की पर कमाल नहीं दिखा सकी है। आयुष शर्मा को इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन दर्शकों का प्यार इसे नहीं मिल सका। पहले दिन से ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाई के लिए संघर्ष करती दिख रही है। पहले हफ्ते में इस फिल्म ने महज चार करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे हफ्ते में भी फिल्म की हालत खस्ता नजर आ रही है।

शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक नौवें दिन फिल्म ने एक लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई चार करोड़ आठ लाख रुपये हो गई है।अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का इंतजार लोगों को लंबे समय से था। हालांकि, फिल्म की कहानी लोगों को लुभा नहीं सकी। पहले हफ्ते के ठीक-ठाक प्रदर्शन के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 24वें दिन फिल्म ने 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 63.05 करोड़ रुपये हो गई है।



# लालटेन सिटी के नाम से मशहूर है ये जगह, शाम होते ही डूब जाती है रोशनी में

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

06 मई : होई एन वियतनाम का सबसे अद्भुत शहर है, जो बड़ा ही सुंदर है. यह क्वांग नेम प्रांत में थू बॉन नदी के तट पर स्थित है. शाम होते ही शहर की सड़कें और बाजार बहुत सारी लालटेनों से भर जाते हैं. इस तरह यहां के लोग हल्की चमक की रंग-बिरंगी 'जादुई' रोशनी में डूब जाते हैं, इसलिए ये जगह लालटेन शहर के नाम से भी मशहूर है. यहां के अद्भुत नजारे को देख आप अपना दिल हार बैठेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर ये फोटो एक यूजर ने पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में बताया है कि, 'वियतनाम का सबसे जादुई शहर होई एन को लालटेन शहर के नाम से भी जाना जाता है. थू बॉन नदी होई एन की जीवनधारा है, जहां स्थानीय लोग पर्यटकों को लालटेन की रोशनी वाली नावों पर ले जाते हैं,वायरल फोटो में आप होई एन सिटी की नदी पर चलती सैकड़ों नावों और जलती लालटेनों की रौशनी से कैसा दृश्य बनता है, उसे देख सकते हैं. आप देख सकते हैं कि कैसे पूरा शहर लालटेन की रोशनी से जीवंत सा लगता है. इसी अद्भुत नजारे को देखने के लिए हर साल लाखों टूरिस्ट्स यहां आते हैं. वैसे भी होई एन सिटी प्राचीन शहर कई सालों से वियतनाम में एक प्रसिद्ध और मनमोहक पर्यटन स्थल रहा है।

होई एन सिटी में इतिहास, संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता का गजब का संगम देखने को मिलता है. अपने ऐतिहासिक महत्व और स्थापत्य शैली की वजह से एक अद्भुत शहर है.

यहां आपको चीनी शॉप हाउस, फ्रांसीसी औपनिवेशिक इमारतें और वियतनामी ट्यूब हाउस देखने को मिल जाएगा. जापानी कवर्ड ब्रिज, बैंग बीच और टैन क्य का पुराना घर भी यहां के मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं. पूरा शहर यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है और



7वीं शताब्दी के प्राचीन शहर के रूप में लिस्टेड है। होई एन का जिक्र करते समय हमें प्राचीन केसरिया और पीले रंग के घरों की कतारों और रात में लालटेन से जगमगाती नदी का जिक्र करना नहीं भूलना चाहिए. होई एन सिटी के प्रत्येक मौसम की अपनी सुंदरता है, लेकिन गर्मियों के दिनों में यहां सबसे अधिक पर्यटक आते हैं।

# जब CJI चंद्रचूड़ ने टीचर से कहा हाथ पर नहीं मारिए ...


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट, 6 मई चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया चंद्रचूड़ ने कहा कि बहुत दिनों तक उन्होंने अपने माता-पिता को इस बात के बारे में कुछ भी नहीं बताया और दर्द सहन करते रहे।

चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया चंद्रचूड़ नेपाल के दौरे पर हैं वहां पर उन्होंने किशोर न्याय, राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने भाषण के दौरान बच्चों के साथ स्कूलों में किए जाने वाले बर्ताव के बारे में बोलते हुए कहा कि जो घटनाएं हमारे जीवन में बचपन में बीत जाती हैं उनका बहुत गहरा प्रभाव हमारे मन पर पड़ता है क्योंकि उस वक्त हमारी इतनी सोचने समझने की क्षमता नहीं होती है।

चंद्रचूड़ ने कहा कि आप बच्चों को जिस तरह से ट्रीट करते हैं वह घटना जिंदगी भर उनके दिमाग पर एक छाप छोड़ जाता है उन्होंने कहा कि वह अपने स्कूल का वो दिन कभी नहीं भूलेंगे जब उनके टीचर ने उनकी पिटाई की थी। मैं उस वक्त कोई किशोर अपराधी नहीं था जब मेरे हाथों पर बेतें मारी गई थी, मेरी गलती सिर्फ इतनी थी कि मैं क्राफ्ट वर्क के लिए सही साइज की सूइयां नहीं ले जा पाया था। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया चंद्रचूड़ ने नेपाल में यह बातें किशोर न्याय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में कही, चंद्रचूड़ ने कहा कि मुझे अभी वह दिन याद है कि जब मैंने अपने टीचर से हाथ पर नहीं बल्कि अपने नितंबों पर बेंत मारने की विनती की थी जिसके बाद वह कई दिनों तक दर्द सहते रहे और निशाने को न सिर्फ छुपाते रहे बल्कि माता-पिता को भी बताने में उन्हें शर्म आ रही थी।





## संपादकीय

### सिर्फ शर्मनाक

एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। वे कहे को जीते भी थे। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसा नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दर्शाया है। आरोपी सांसद का दुस्साहस देखिए कि वह मतदान के दिन तक चुनाव क्षेत्र में रहा और फिर जर्मनी भाग गया। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पौत्र और पूर्वमंत्री एचडी रेवन्ना के पुत्र प्रज्वल के यौन उत्पीड़न व दुराचार दर्शाते करीब तीन हजार वीडियो सार्वजनिक हुए। चुनाव प्रचार के दौरान वीडियो पेन ड्राइव के जरिये बांटे जाते रहे। निस्संदेह इस मामले के खुलासे की टाइमिंग के राजनीतिक निहितार्थ हैं। वहीं भाजपा के एक नेता ने एक साल पहले भाजपा नेतृत्व को पत्र लिखकर चेताया था कि प्रज्वल के कुकृत्यों की पेन ड्राइव कांग्रेस के पास पहुंच चुकी है। जिसका उपयोग लोकसभा चुनाव में हथियार के रूप में किया जाएगा। सवाल भाजपा नेतृत्व पर भी है कि हकीकत से वाकिफ होने के बावजूद क्यों प्रज्वल रेवन्ना को गठबंधन के सहयोगी कोटे से टिकट दिया गया? जब राज्य में कांग्रेस की सरकार है तो एक साल पहले जानकारी होने के बावजूद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? दरअसल, एक समुदाय विशेष में एचडी देवगौड़ा परिवार की पकड़ होने की वजह से भाजपा व कांग्रेस कड़ी कार्रवाई से बचते रहे हैं। बहरहाल, इस सेक्स स्कैंडल के उजागर होने और उसके बाद तमाम सफाई के बावजूद जनता दल सेक्यूलर और उसकी सहयोगी भाजपा को राहत मिलना मुश्किल है। वजह है कि आरोप गंभीर और महिलाओं की अस्मिता से जुड़े हैं। निश्चित रूप से कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के सदस्य व सांसद ने जो कुकृत्य किये हैं, उससे भारतीय लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। विडंबना देखिये कि जो बड़े राजनेता महिलाओं की प्रशंसा में कसीदे पढ़ने से नहीं थकते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में दुराचार की पराकाष्ठा देखकर भी आंखों पर पट्टी बांध लेते हैं। वे इस शर्मनाक कांड की व्याख्या अपनी सुविधा के अनुसार कर रहे हैं। एक पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार का सांसद अपने घर में काम करने वाली महिलाओं तक को न बख्शे, इससे ज्यादा शर्मनाक क्या हो सकता है। आरोप है कि प्रज्वल रेवन्ना ने किसी भी आयु और वर्ग की महिला को नहीं बख्शा। इतना ही नहीं, सरकारी महिला अधिकारियों, कर्मचारियों व पार्टी कार्यकर्ताओं तक को हवस का शिकार बनाकर वीडियो बनाने तक के गंभीर आरोप प्रज्वल पर लगे। वीडियो इसलिये बनाये ताकि शोषण के बाद लोकलाज के भय से उन्हें चुप रखा जा सके। आरोपों के निशाने पर पूर्व मंत्री व प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना भी हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मो.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## क्रिकेट में बार एसोसिएशन रहा विजेता

काशीपुर। बार एसोसिएशन और समर स्टडी हॉल के बीच रविवार को खेले गए क्रिकेट मैच में बार एसोसिएशन ने सात विकेट से जीत दर्ज की। समर स्टडी हॉल कुंडेश्वरी रोड में आयोजित मैच में टॉस जीतकर समर स्टडी हॉल की टीम के कप्तान किशोर पालीवाल ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। समर स्टडी हॉल की टीम 90 रन बनाकर आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बार एसोसिएशन की टीम ने 8 ओवर में 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच एडवोकेट मेहराज खान, बेस्ट बैट्समैन एडवोकेट रोहित अरोरा व बेस्ट बॉलर अजहर रहे। स्टडी हॉल की अध्यक्षा मुक्ता सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अवधेश चौबे, उप सचिव एडवोकेट सूरज कुमार, टीम मैनेजर एडवोकेट उमेश जोशी, कोषाध्यक्ष एडवोकेट सौरभ शर्मा और कैलाश बिष्ट ने सामूहिक रूप से खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## लेखपाल पर लगाया हीलाहवाली करने का आरोप

काशीपुर। मोहल्ला काजीबाग निवासी एक महिला ने हल्का लेखपाल पर अवैध निर्माण की पैमाइश में हीलाहवाली करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में मोहल्ला काजीबाग निवासी माया देवी पत्नी भगवान दास ने कहा है कि पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति अवैध निर्माण कर रहा है। उसने उसके घर की तरफ खिड़की, रोशनदान और छज्जा तक निकाल लिया है। इस संबंध में उसने 11 मार्च को एसडीएम काशीपुर को एक प्रार्थना पत्र दिया था। एसडीएम ने हल्का लेखपाल को मौके पर जाकर जांच व पैमाइश करने के आदेश दिए थे, लेकिन लेखपाल वहां जांच के लिए नहीं पहुंचे। अनुरोध करने पर वह लगातार टाल मटोल कर रहे हैं।

## पिकप की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

काशीपुर। चैतीमेला देखकर वापस जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर आईटीआई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।शनिवार की शाम गांव सरकरा निवासी मोहम्मद उवेश, सौरभ कुमार और गोलू बाइक से चैतीमेला देखने के लिए गए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में 102 मरीजों की स्वास्थ्य जांच

हल्द्वानी। ऑफिसर्स कॉलोनी में रविवार को निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर में मरीजों की स्वास्थ्य जांच के साथ विभिन्न जांचें भी मुफ्त की गईं। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ प्रो. डॉ. विनय खुल्लर ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया। डॉ. खुल्लर ने बताया कि शिविर में 20 प्रतिशत मरीज गठिया एवं जोड़ों के दर्द, 30 प्रतिशत शुगर एवं ब्लड प्रेशर, 15 प्रतिशत त्वचा, 10 प्रतिशत पेट रोग व शेष सामान्य रोगी थे। शिविर में जरूरतमंद मरीजों की शुगर, एचबीए1सी व न्यूरोपैथी की जांच भी की गई। शिविर में मनीषा, नीरज दुम्का, जिया आदि ने सहयोग किया। कुल 102 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया।

### सवा माह बाद भी ठीक नहीं हुई बेस की सीटी स्कैन

हल्द्वानी। बेस अस्पताल हल्द्वानी की सिटी स्कैन मशीन सवा माह बाद भी ठीक नहीं हो पाई है। अस्पताल प्रबंधन मामले में देहरादून मुख्यालय को आधे दर्जन से ज्यादा पत्र लिख चुका है। बेस अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन मार्च के अंतिम हफ्ते में खराब हो गई थी। तभी से अस्पताल प्रबंधन उसको ठीक कराने की जुगत में लगा है। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि सीटी स्कैन को ठीक कराने को लेकर मुख्यालय के दिशा निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है।

### आठ केंद्रों में आज दोपहर दो बजे से शुरू होगा नीट-यूजी

हल्द्वानी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आज नीट-यूजी कराया जाएगा। हल्द्वानी में टेस्ट के लिए आठ केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से प्रवेश करने दिया जाएगा। डिजिटल वॉच, फुल बाजू के कपड़े और हिल पहनने पर पाबंदी लगाई गई है। परीक्षा निर्मला कॉन्वेंट स्कूल, सेंट थैरेसा, नैनी-वैली, बीयरशिबा, श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल, सिंथिया, यूनिवर्सल और यूनिवर्सल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दोपहर दो बजे से शाम 5.20 बजे तक कराई जाएगी।

### उत्तराखंड में मिले सिर्फ 18 रजिस्टर्ड फुटबॉल क्लब

हल्द्वानी। उत्तराखंड में सिर्फ 18 फुटबॉल क्लब ही राज्य फुटबॉल संघ से पंजीकृत हैं। आरटीआई में मांगी गई जानकारी में यह जानकारी दी गई है। जबकि फुटबॉल के जानकारों की मानें तो प्रदेश में फुटबॉल क्लबों की संख्या 40 से अधिक है। देहरादून निवासी राजू गुसाई ने अखिल भारतीय फुटबॉल संघ से प्रदेश में रजिस्टर्ड फुटबॉल संघों के संबंध में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी। बताया कि राज्य फुटबॉल संघ में प्रदेश के सिर्फ 18 क्लबों का ही रजिस्ट्रेशन दिखाया गया है। इसमें एवेंजर्स एफसी, बागनाथ एफसी, कॉर्बेट एफसी, दानू स्पोर्ट्स एकेडमी, फुटबॉल क्लब कुमाऊं, गैरसैंण एफसी, गढ़वाल स्पोर्टिंग क्लब, गॉड ग्रेस फुटबॉल क्लब, हरीश पंवार स्पोर्ट्स अकादमी, हिमालयन टाइगर्स फुटबॉल क्लब, केआर फुटबॉल लीडर्स क्लब, लाइटनिंग एफसी, मनोज सरकार स्टेडियम एफसी, महराण प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, पैंथर एफसी, थंडर्स एफसी, यूएसएफए फुटबॉल क्लब और वंडर्स एफसी हैं। बताया कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन का नियम है कि हर जिले में कम से कम 6 क्लब रजिस्टर्ड होने जरुरी हैं। मगर प्रदेश में ही सिर्फ 18 ही क्लब हैं। जबकि प्रदेश में ही देहरादून फुटबॉल अकादमी, दून सिटी एफसी, दून स्टार, सीटी यंग, दून चैलेंजर, गढ़वाल स्पोर्टिंग, ग्रासरूट्स स्पोर्ट फाउंडेशन, बिठोरिया यूनाइटेड फुटबॉल क्लब, स्पोर्ट्स स्टेडियम (हल्द्वानी) सहित अन्य क्लब भी हैं। जिनको रजिस्टर्ड नहीं किया गया है।

### तालबपुर इंटर कॉलेज में हास्य दिवस मनाया

काशीपुर। विश्व हास्य दिवस पर आदर्श किसान इंटर कॉलेज तालबपुर में पीस क्लब के सहयोग से हैप्पीनेस-डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हास्य गीत, हास्य कविता, चुटकुले, हास्य व्यंग, मिमिकरी और हर समय खुश रहकर तनाव रहित अध्ययन कैसे करें इत्यादि विषयों पर बच्चों को बताया गया। बच्चों को सामाजिक बुराइयों से स्वयं को दूर रखने के लिए प्रतिज्ञा भी कराई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रबंधक हिरदेश चौहान ने की। संचालन स्माइल कोच और मोबाइल टीचर संजय राजपूत निर्भय ने किया। यहा प्रधानाचार्य सौरभ भट्ट, अनिता चौहान, प्रखर कुमार आदि रहे।

### ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त करने, विरोध पर मारपीट का केस दर्ज

काशीपुर। ट्रैक्टर से टक्कर मारकर दूसरे ट्रैक्टर सवार को घायल करने और ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर शनिवार की देर रात कोतवाली पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोप है कि दोनों ने घटना के बाद हर्जाने की बात को स्वीकार किया था, लेकिन बाद में ये दोनों मुकर गए थे। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली थी।गांव इटव्वा निवासी मनजीत सिंह पुत्र फौजा सिंह ने 27 फरवरी को बन्नाखेड़ा चौकी में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह खेती कर वापस अपने ट्रैक्टर से घर लौट रहे थे। तभी लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए जसवंत सिंह और बलवंत सिंह आए और उन्होंने अपना ट्रैक्टर मंजीत के ट्रैक्टर में ठोक दिया, जिसमें मंजीत के ट्रैक्टर के दो हिस्से हो गए तथा मंजीत भी घायल हो गया। घटना के बाद मंजीत ने चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर आरोपियों ने हर्जाना भरने पर सहमति जताई थी। वहीं मंजीत ने आरोप लगाया कि जब तय समय पर हर्जाना नहीं भरा तो उसने टोका। इसपर इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं घटना से संबंधित शिकायत मंजीत सिंह ने कोर्ट में की। इसके बाद कोर्ट ने कोतवाली को आदेशित कर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने को कहा। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शनिवार की देर रात जसवंत सिंह और बलवंत सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की बरहैनी शाखा से फर्जी लोन में जांच शुरू


काशीपुर। एक करोड़ 78 लाख 54 हजार से अधिक के लोन गलत तरीके से जारी करने का आरोप लगा था। इसमें उत्तराखंड ग्रामीण सहकारी बैंक बरहैनी के दो शाखा प्रबंधकों समेत 4 लोगों पर दर्ज हुए गबन के मुकदे में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बता दें कि उत्तराखंड ग्रामीण सहकारी बैंक की बरहैनी शाखा के प्रबंधक रवि शंकर गुप्ता ने शनिवार की देर रात कोतवाली में तहरीर देकर इसी बैंक के दो पूर्व प्रबंधक दिनेश रावत पुत्र लक्ष्मण रावत, कृष्ण कुमार चौरसिया पुत्र गंगाधर चौरसिया पर बैंक के नियमों को ताक पर रखकर सुरेंद्र सिंह पुत्र भजन सिंह, लखविंदर सिंह पुत्र भजन सिंह, राजपाल सिंह पुत्र सुखदेव सिंह आदि सहित अन्य लोगों को आधे-अधूरे प्रपत्रों पर 1,78,54,313 रुपये का लोन दे दिया। इस लोन में एजेंट खुशमीन जहां पुत्री जाफर अली निवासी बांसखेरा कला काशीपुर तथा एजेंट सुरेंद्र सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी तोता बेरिया की भी संदिग्ध भूमिका रही।

# Chardham Yatra 2024 : चारधाम यात्रा पर साइबर ठगों की नजर, अब तक 76 वेबसाइट हो चुकी ब्लॉक

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 06 मई : चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक करते समय देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी होगी, वरना धोखाधड़ी हो सकती है। चार धाम से जुड़ी अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक किया गया है।उत्तराखंड में स्थित चारधाम यात्रा के नाम पर दुनिया भर में ठगी करने वाले सक्रिय हो गए हैं। ठगी का शिकार बनाकर भक्तों को ऑनलाइन लूटा जा रहा है। फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से लोगों को जाल में फंसाकर उनसे पैसे ठग रहे हैं, पुलिस ने इस पर कठोर कार्रवाई की है।

राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक कर दिया है। इस कार्रवाई ने देश और विदेश के असंख्य लोगों को ठगी से बचाया है।साइबर थाना पुलिस ने चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक कराने का





दावा करने वाली 12 फर्जी वेबसाइटों को बंद करवाया है। एसटीएफ और साइबर थाना पुलिस को लगातार शिकायतें भी मिल रही हैं। पुलिस ने वेबसाइट को चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले साल 64 वेबसाइटों को बंद किया गया था और इस साल अब तक 76 वेबसाइटों को बंद किया गया है।

फर्जी वेबसाइट की लिस्ट

https://helidham.in

https://helicopterbooking.org

https://doonukhillstravels.com

https://www.helidham.in/

https://knowtrip.live/

https://mail.kedarnathheli-copterbooking.xyz

https://mail.kedarnatheli-copterbooking.info

https://kedarnathhelicopter-booking.info

https://onlinehelicopterbook-ings.com

https://mail.onlinehelicopter-bookings.com


http://helidham.in/

# नशा तस्करों पर दून पुलिस का कड़ा प्रहार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 06 मई : पूर्व में दून पुलिस द्वारा कोबरा गैंग के सरगना सहित विदेशी महिला तस्कर व गैंग के अन्य सदस्यों को भारी मात्रा में हाई प्रोफाइल ड्रग्स के साथ किया गया था गिरफ्तार। मादक पदार्थों की तस्करी में प्रभावी अंकुश लगाते हुए उनकी तस्करी में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके अनुपालन में दून पुलिस द्वारा नगर व देहात क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिये लगातार प्रभावी चैकिंग सुनिश्चित की जा रही है।

इसी क्रम में रात्रि में थाना राजपुर पुलिस द्वारा मसूरी रोड पर चेकिंग के दौरान बास्क रेस्टोरेंट मसूरी रोड के पास से 01 विदेशी महिला को हाई प्रोफइल ड्रग कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता के कब्जे से 31 ग्रा0 अवैध कोकीन तथा 16500 रू0 की नगदी बरामद हुई। अभियुक्ता के विरूद्ध थाना राजपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/29 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। पूर्व में दून पुलिस द्वारा राजपुर, प्रेमनगर तथा दिल्ली से कोबरा गैंग के सरगना तथा विदेशी महिला तस्कर सहित अन्य नशा तस्करों को भारी मात्रा में हाई प्रोफाइल ड्रग्स





के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्त

Regina Waweru Njeri D/O Waweru हॉल निवासीः 920 सैक्टर - 42 फरीदाबाद हरियाणा उम्र 35 वर्ष, मूल पताः केन्या, देहरादून में स्थाई पताः दो बच्ची रोड नियर सिद्धार्थ लॉ कॉलेज रायपुर देहरादून

पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ में अभियुक्ता द्वारा बताया गया कि वह मूल रूप से केन्या देश की नागरिक है तथा वर्ष 2018 में टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। इस दौरान दिल्ली में व कोबरा गैंग के सम्पर्क में आई तथा उसके बाद से कोबरा गैंग के लिये काम करने लगी। अभियुक्ता डिमांड के हिसाब से कोकीन को दिल्ली से देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने एजेंटों व पैडलरों को सप्लाई करती है। उक्त कोकीन की सप्लाई शहर में आयोजित होने वाली बड़ी-बड़ी पार्टियों, कालेज, शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों व अन्य स्थानों पर डिमांड के हिसाब से की जाती है, जिसमें अभियुक्त द्वारा अपना कमीशन अलग से लिया जाता है। अभियुक्ता द्वारा आज भी उक्त बरामद कोकिन को बास्क रेस्टोरेंट मसूरी रोड में विदेशी लोगों द्वारा आयोजित की गई पार्टी में सप्लाई करना था, जिसे वह दिल्ली से देहरादून लेकर आयी थी, इसी दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

बरामदगीः-

01ः 31 ग्राम अवैध कोकीन (अनुमानित कीमत 21 लाख रू0)02ः 16500 रू0 नगद 03ः बैट्रीयुक्त इलेक्ट्रानिक तराजू

पुलिस टीमः-

01ः अनुज कुमार, क्षेत्राधिकारी मसूरी02ः उ0नि0 पी0डी0 भट्ट, थानाध्यक्ष राजपुर03ः उ0नि0 संदीप कुमार, चौकी प्रभारी कुठालगेट04ः उ0नि0 बलवीर सिंह रावत 05ः म0उ0नि0 रश्मि रानी 06ः म0उ0नि0 भावना07ः कां0 अमित भट्ट, 08ः कां0 सुशील, 09ः रि0कां0 रोहित, 10ः हे0कां0 चालक महावीर सिंह

# एसएसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में जारी है वारंटियों की गिरफ्तारी का क्रम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 06 मई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को मा0 न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट (N.B.W) की शत प्रतिशत तामील कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गये हैं

कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार द्वारा निर्गत NBW फौ0वा0सं0 1215/23, धारा-147/323/504/506/384/452 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी 1.अभियुक्ता रूबीना पुत्री अब्दुल कय्यूम 2.कासिम पुत्र अब्दुल कय्यूम, 03- नाजीम पुत्र अब्दुल कय्यूम को बस अड्डा कोटद्वार से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

नाम पता वारण्टी1. रूबीना (उम्र-24 वर्ष) पुत्री अब्दुल कय्यूम, निवासी- लकडीपडाव, निकट-रसीदिया मस्जिद, कोटद्वार। 2. कासिम (उम्र-26 वर्ष) पुत्र अब्दुल कय्यूम, निवासी- उपरोक्त। 3. नाजीम (उम्र- 22 वर्ष) पुत्र अब्दुल, कय्यूम, निवासी- उपरोक्त




पुलिस टीम 1. उपनिरीक्षक किशन दत्त शर्मा 2. मुख्य आरक्षी 90 ना0पु0 चरण पंवार 3. आरक्षी 53 ना0पु0 गौरव यादव 4. महिला आरक्षी 82 ना0पु0 सुमन पांथरी 5. होमगार्ड सुरेश

## जायसवाल बने युवा वैश्य महासभा के सदस्यता अभियान प्रभारी

हल्द्वानी। युवा वैश्य महासभा हल्द्वानी की बैठक रविवार को हुई। कालाढूंगी रोड स्थित खंडेलवाल भवन में हुई बैठक में नई कार्यकारिणी गठन के लिए सदस्यता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अतुल जायसवाल को सदस्यता प्रभारी मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे युवा वैश्य महासभा के अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा कि महासभा का कार्यकाल जल्द समाप्त होने जा रहा है। नई कार्यकारिणी गठन के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया जाना है। इसके लिए जिम्मेदारी दी गई है। सभी घटकों के अध्यक्षों से सदस्यता अभियान में सहयोग की अपील की गई। बैठक में महामंत्री रमेश केसरवानी, संरक्षक सुशील अग्रवाल मनोज जायसवाल, विपुल अग्रवाल, संदीप गुप्ता जी, सुमित केसरवानी, निशुल अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, पंकज अग्रवाल, कपिल अग्रहरि, आशीष केसरवानी, उदय गुप्ता, सचिन जायसवाल, बन्टी गुप्ता, नवनीत देवल, सचिन खंडेलवाल, संतोष केसरवानी, संदीप केसरवानी, विपुल अग्रवाल, लव मित्तल, अजय गुप्ता, संजू केसरवानी, नितिन केसरवानी, अमित वार्ष्णेय, अनुभव मित्तल आदि मौजूद रहे।

## लग्जमबर्ग ओपन के सेमीफाइनल चिराग को मिली हार

हल्द्वानी। उत्तराखंड के बैडमिंटन खिलाड़ी चिराग सेन का लग्जमबर्ग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में हार के साथ सफर समाप्त हो गया। बीते शनिवार की देर रात चिराग को फ्रांस के एलेक्स के हाथों 2-1 के अंतर से हार मिली।यूरोपीय देश लग्जमबर्ग में आयोजित बीडब्ल्यूएफ लग्जमबर्ग ओपन टूर्नामेंट के पुरुष ओपन में भारत के चिराग सेन ने शनिवार की दोपहर में स्वीडन के गुस्तव बजोर्कलर को 17-21, 21-17, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। मगर देर रात खेले गए गए सेमीफाइनल मुकाबले में चिराग को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 1 घंटा 4 मिनट तक खेले गए मुकाबले में 23-21 से पहला सेट जीतने के बाद चिराग को अगले दो सेटों में 21-13, 21-16 के अंतर से हार मिली।